ADITYA BIRLA

HINDALCO

दिनांक : 28.07.2021

सेवा में,
श्रीमान् प्रभागीय वनाधिकारी
रेणुकूट वन प्रभाग, रेणुकूट,
सोनभद्र, उत्तर प्रदेश।

विषयः जनपद–सोनभद्र में हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (रेणुसागर पावर डिवीजन), रेणुसागर के 132 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन हेतु हस्तांतरित 52.9666 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि के पट्टे का 25 वर्षो (दिनांक 15.10.2021 से 14.10.1946 तक) के लिये नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव संख्या FP/UP/TRANS/41830/2019 के संबंध में ।

संदर्भः 1. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, लखनऊ का पत्रांक 167/11–सी–FP/UP/Trans/41830/2019 दिनांक 14.07.2021
2. आपका पत्रांक 167/रेणुकूट/15–27 दिनांक 16.07.2021 व 321/रेणुकूट/15–27 दिनांक 27.07.2021 ।

महोदय,

विषयक प्रकरण में उपरोक्त पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसके द्वारा निम्नलिखित पॉच बिन्दुओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया है। इन बिन्दुओं का निराकरण कर दिया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| कम सं0 | विवरण | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | फार्म–ख के बिन्दु संख्या–3 में कुल अपेक्षित भूमि का उद्देश्यवार ब्यौरा में वनभूमि का उल्लेख किया गया है किन्तु गैर वनभूमि का उल्लेख नहीं किया गया है जिसे उल्लेख करते हुये संशोधित अभिलेख प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षरोपरांत संलग्न किया जाए और तद्नुसार ऑनलाइन पार्ट–1 में अपलोड किया जाय । | फार्म–ख के बिन्दु संख्या–3 में कुल अपेक्षित वनभूमि व गैर वनभूमि दोनों का उल्लेख करते हुये प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षरोपरांत प्रस्ताव में संलग्न कर दिया गया है । |
| 2 | नवीनीकरण प्रस्ताव के संलग्नक–15 पृष्ठ सं0 26 पर लीज अवधि दिनांक 17 जुलाई 2021 को समाप्त होना अंकित गया है जो त्रुटिपूर्ण है । कृपया इस त्रुटि का निराकरण करते हुए संशोधित अभिलेख हस्ताक्षरोपरांत संलग्न किया जाए और तद्नुसार ऑनलाइन पार्ट–1 में अपलोड किया जाय । | नवीनीकरण प्रस्ताव के संलग्नक–15 पृष्ठ सं0 26 पर लीज अवधि की त्रुटि को सही कर दिया गया है। संशोधित अभिलेख प्रस्ताव के साथ संलग्न कर दिया गया है। |
| 3 | ऑनलाइन पार्ट–1 में अपलोड किये गये सभी अभिलेखों को, जिसमें लीज अवधि का गलत उल्लेख किया गया है, को डिलिट कर संशोधित अभिलेख यथास्थान पर अपलोड करें तथा समस्त प्रमाण–पत्र पर फ्लूड लगाकर तैयार किये गये अभिलेखों को स्वीकार करने या न करने के | ऑनलाइन पार्ट–1 में अपलोड किये गये सभी अभिलेखों को, जिसमें लीज अवधि का गलत उल्लेख किया गया है, को डिलिट कर दिया गया है तथा संशोधित अभिलेख यथास्थान अपलोड कर दिया गया है । |

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District, Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: 91 22 6691 7001
Corporate ID No.: L27020MH1958PLC011238

ADITYA BIRLA
HINDALCO

| | | |
|---|---|---|
| | संबंध में भी स्थिति भारत सरकार के सक्षम अधिकारी से सम्पर्क कर स्पष्ट किया जाना आवश्यक है । | करेक्टिंग फ्लूड लगाकर संशोधित करने के संबंध में एम.ओ.ई.एफ. आफिस से वार्ता के क्रम में यह बताया गया कि इसमें कोई प्राब्लम नहीं है । |
| 4 | ऑनलाइन भाग–2 के कमांक–16 में मुख्य वन संरक्षक और प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अपलोड किये गये संस्तुति प्रमाण–पत्र में लीज अवधि का गलत उल्लेख किया गया है । अतः इसे एन0आई0सी0, नई दिल्ली से डिलिट कराते हुये अनुपालन आख्या उपलब्ध कराया जाय ताकि संशोधित लीज अवधि का संस्तुति प्रमाण–पत्र ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड की जा सकें । | इस संबंध में एन0आई0सी0, आफिस नई दिल्ली से सम्पर्क किया गया उनका ये मत है कि चूँकि ये अभिलेख आपके द्वारा अपलोड नहीं किये गये इसलिये इसको डिलिट कराने के लिये आप अधिकृत नहीं है। अधिकृत व्यक्ति के अनुरोध पर ही इन्हें डिलिट किया जा सकता है। |
| 5 | उपरोक्त कमियों का निराकरण कराते हुये परिवेश पोर्टल से ऑनलाइन ऑनलाइन फार्म–ए पार्ट–1 निकालकर प्रत्येक पन्नों पर हस्ताक्षरोपरांत समस्त प्रस्ताव में संलग्न किया जाय । | उपरोक्त कमियों का निराकरण कराते हुये परिवेश पोर्टल से ऑनलाइन फार्म–ए पार्ट–1 का प्रिन्ट निकालकर प्रत्येक पन्नों पर हस्ताक्षरोपरांत प्रस्ताव में संलग्न कर दिया गया है । |

उपरोक्त प्रस्ताव की संशोधित हार्डकापी (चार प्रतियों) में इस पत्र के साथ संलग्न है। मुख्य वन संरक्षक, मिर्जापुर की हार्डकापी में हमारे प्रतिनिधि द्वारा स्वयं जाकर संशोधन कर दिया जायेगा ।

अतः श्रीमान्‌जी से अनुरोध है कि विषयक प्रकरण में अपने स्तर से अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,
कृते हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

26/07/2021

(विवेक कुमार)
हेड–लीगल

संलग्नक : उपरोक्तानुसार (चार प्रतियों में)

29/7/21

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District, Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 | Fax: +91 5446 252107/252427 | E: hindalco@adityabirla.com | W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 | Fax: 91 22 6691 7001
Corporate ID No.: L27020MH1958PLC011238